जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा–2/गोप0/2024/541 दिनांक 30/1/24

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या

समस्त शासकीय/अनुदान प्राप्त/अशासकीय महाविद्यालय,

सम्बद्ध-जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर(म०प्र०)

विषयः- नामांकन सूची जमा करने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः- वि.वि. अधिसूचना क्र./जीविवि/परीक्षा-2/गोप०/2023/280, दिनांक 04.12.2023
वि.वि. अधिसूचना क्र./जीविवि/परीक्षा-2/गोप०/2023/415, दिनांक 18.12.2023

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सूचित किया जाता है कि आपके महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2023–2024 में प्रवेशित स्नातक छात्र/छात्राओं की नामांकन हेतु ई-प्रवेश सूची एंव जी२जी एप्रूव्ड सूची विश्वविद्यालय नामांकन शाखा में जमा करने हेतु दिनांक 28.12.2023 निर्धारित की गई थी, परन्तु आज दिनांक 30.01.2024 तक कई महाविद्यालयों द्वारा उक्त उल्लेखित सूची विश्वविद्यालय नामांकन शाखा में जमा नही कराई गई हैं। नामांकन हेतु निम्नलिखित आवश्यक रूप से संलग्न करें :-

1. महाविद्यालय का पत्र।
2. विश्वविद्यालय द्वारा जारी सम्बद्धता/सीट संख्या पत्र की प्रति। (ई-मेल प्रति मान्य नही है।)
3. उच्च शिक्षा विभाग के ई-प्रवेश पोर्टल से निकाली गई एक्सेल सूची। (उ०शि०आई०डी० एंव कक्षा, विषयवार)
4. महाविद्यालय की जी२जी आई०डी० से अप्रूव्ड (Approved) नामांकन लिस्ट।

अतः महाविद्यालय प्राचार्य उपरोक्तानुसार दस्तावेज दिनांक 05.02.2024 तक आवश्यक रूप से जमा करावें। निर्धारित तिथि उपरांत सूची प्रतिछात्र बिलंब शुल्क के साथ ही जमा किये जावेगें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र/छात्रा एंव प्राचार्य की ही होगी।

परीक्षा नियंत्रक
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रतिलिपिः–

०१. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
०२. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, कार्यालय ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
०३. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
०४. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।

सहा./उपकुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय)